भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या659**

दिनांक 29.04.2015/09 वैशाख, 1937 (शक) को उत्तर के लिए

**राष्ट्रीय सुरक्षा गारद के क्षेत्रीय केंद्र**

**659 श्री मनसुख एल. मांडवियाः**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 26 नवंबर, 2008 को मुंबई पर हुए आतंकवादी हमले के पश्चात सरकार ने देश के विभिन्न भागों में राष्ट्रीय सुरक्षा गारद के क्षेत्रीय केंद्रों की स्थापना करने का निर्णय लिया है;
(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा किन-किन स्थानों पर राष्ट्रीय सुरक्षा गारद के क्षेत्रीय केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं और उनकी संख्या कितनी है;
(ग) क्या राष्ट्रीय सुरक्षा गारद का कोई क्षेत्रीय केंद्र गुजरात में स्थापित नहीं किया गया है और यदि हां, तो इसके क्या कारण है; और
(घ) क्या इस तथ्य को देखते हुए कि गुजरात की संवंदनशील और असुरक्षित थल सीमा तथा तटीय सीमा पाकिस्तान के समीप है, सरकार अहमदाबाद के निकट राष्ट्रीय सुरक्षा गारद का एक क्षेत्रीय केंद्र शीघ्र ही स्थापित करने का विचार रखती है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री किरेन रिजिजू)**

**(क) और (ख) : सरकार ने तमिलनाडु में चेन्नई, आन्ध्र प्रदेश/तेलंगाना में हैदराबाद, पश्चिम बंगाल में कोलकाता तथा महाराष्ट्र में मुंबई में राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एन एस जी) के चार क्षेत्रीय हब स्थापित किए हैं। ये हब दिनांक 30 जून, 2009 तथा दिनांक 1 जुलाई, 2009 से क्रियाशील हो गए हैं।**

**(ग) और (घ): गुजरात सरकार से अनुरोध प्राप्त होने पर, संघ सरकार ने एनएसजी द्वारा उपयुक्त पाए गए स्थल पर, गुजरात सरकार द्वारा नि :शुल्क भूमि उपलब्ध कराए जाने के अध्यधीन गुजरात में एनएसजी के एक क्षेत्रीय हब की स्थापना के लिए 'सैद्धान्तिक' अनुमोदन की सूचना दे दी है। गुजरात में एनएसजी के क्षेत्रीय हब की स्थापना के लिए गांव-रांदेशन, तालुका एवं जिला गांधीनगर में स्थित स्थल का चयन किया गया है। एनएसजी को भूमि सौंपे जाने के लिए राज्य सरकार से औपचारिक अनुरोध भी किया गया है।**

******